संक्षिप्त

71 यूनिट रक्त एकत्रित

कोटपूतली। कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जीवनधारा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढकर भाग लेते हुए कुल 71 युनिट रक्तदान किया। सीईओ दिनेश यादव व डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रक्तदाताओं को हेलमेट, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र भेंट किये।

विद्यालय बनेठी में सीटें निर्धारित

कोटपूतली। ग्राम पंचायत बनेठी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में सीटें निर्धारित की गई है। संस्था प्रधान मुखराम रावत ने बताया कि कक्षा 1 की सभी सीटों व कक्षा 2 से 8 तक केवल रिक्त सीटों पर ही प्रवेश दिया जाएगा। वहीं कक्षा 1 से 5 तक 30 सीट व कक्षा 6 से 8 तक 35 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अमित प्रदेश सचिव बने

देवली, (निसं)। विप्र फाउंडेशन (जोन 1) के अध्यक्ष राजेश कर्नल की सहमति से प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन शर्मा ने देवली निवासी अमित गौतम को विप्र फाउंडेशन (जोन1) युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। कर्नल ने बताया कि अमित गौतम ने विप्र समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही समाज के हित के लिये संघर्ष किया। इससे पूर्व अमित ने जिला उपाध्यक्ष पद पर रह कर कार्य किया है।

देश को गृह युद्ध में धकेलने की तैयारी कर रही मोदी सरकार: यादव

कोटपूतली, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय सेना के तीनों सशस्त्र बलों के लिए लाई गई संविदा भर्ती योजना (टीओडी) अग्निपथ के विरोध में प्रदेश भर में विधानसभा स्तर पर सत्याग्रह विरोध प्रदर्शन का आयोजन हुआ।

कोटपूतली में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली, नारेहड़ा व नगर

- केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सत्याग्रह
- मुख्य चौराहे से उपखण्ड कार्यालय तक पैदल मार्च कर दिया सांकेतिक धरना

कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य चौराहे से उपखण्ड कार्यालय तक पैदल मार्च किया। वहीं तहसील परिसर स्थित उपखण्ड कार्यालय के रामलीला मंच पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन दिया गया। धरने को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री यादव ने कहा कि

कोटपूतली में धरना स्थल पर गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव ने राष्ट्रपति के नाम एडीम को ज्ञापन सौंपा।

देश महंगाई, आर्थिक मंदी, बेरोजगारी व पीएम मोदी की लाचारी के दौर से गुजर रहा है। मोदी मजबूत नहीं बल्कि मजबुर प्रधानमंत्री है। जो कि बड़े उधोगपतियों के चंगुल में फंसकर रातो रात नये-नये कानून बनाकर देश की जड़ों को खोखला कर रहे है। केन्द्र सरकार लक्ष्य बनाकर प्रत्येक वर्ग को किसी ना किसी तरह प्रताडित कर रही है। जिसका बहुत बड़ा उदाहरण आज देश के बेरोजगार युवाओं के सामने है। केन्द्र सरकार ने रातों रात इस अग्निपथ योजना से चार साल की नौकरी की घोषणा कर युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेला है। प्रत्येक चार में से घर वापस लौटने वाले तीन युवा समाज में विफल कहलायेगें। जिनके बेरोजगार रहने व अपराध की ओर आगे बढने का भी खतरा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़ी है। हम सबको एकजुट होकर देश तोडने वाली ताकतों का विरोध करना है। आज देश गृह युद्ध की स्थिति में है। केन्द्र सरकार हिन्दू-मुस्लिम वर्ग के बीच वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर रही है। जिससे सचेत रहने की आवश्यकता है। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एडीएम जगदीश आर्य को ज्ञापन भी सौंपा गया।

सभा को पीसीसी की ओर से लगाये गये संयोजक व लक्ष्मणगढ़ के पूर्व विधायक राजेन्द्र गंडुरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैप्टन एस आर यादव, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, युवा रेवॉल्युशन अध्यक्ष मनोज चौधरी, एड. बजरंग लाल शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, जितेन्द्र यादव, युवा नेता विराट यादव, विक्रम सिंह लीडर, बी एल यादव, सतीश छावड़ी, एड. समर यादव, सेडुराम कसाना, पंसस प्रतिनिधि कमल मीणा, सरपंच रघुवीर यादव, कन्हैयालाल सैनी, सरपंच शीशराम गुर्जर, लक्ष्मण रावत, पार्षद कृष्ण कारोडिया, सुभाष स्वामी, सरपंच सुबेदार जयसिंह रावत, एड. अमीलाल यादव, रामनिवास तहसीलदार, पार्षद प्रदीप सैनी, राकेश छावड़ी, शाहरूख टांक समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

नाला निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग से ग्रामीणों में रोष

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 3 करोड़ 30 लाख की लागत से बनाया जा रहा नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने रोष जताया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मुख्य बाजार में नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा एस्टेमेट के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा, आरसीसी से बनाये गये नाले में ठेकेदार द्वारा लोहे के सरिये भी कम दिए जा रहे हैं और नाला

- 3 करोड़ 30 लाख की लागत से बनाया जा रहा है नाला

निर्माण में सीमेंट, बजरी भी एस्टेमेट के अनुसार नहीं दी जा रही, इतना ही नहीं बनाए गये नाला निर्माण में पानी निकासी का लेवल भी नहीं निकाला गया। वहीं बनाए गये नालों पर पानी नहीं डाला गया, जिससे नाले में कई जगह दरार आ गई। इससे पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे नाला निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया या निशान खड़ा कर दिया है। इतना ही नही विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य की लागत और कार्य कहाँ से कहाँ तक किया जा रहा है आदि का बोर्ड कार्य स्थल पर नही लगा रखा। जिससे किये जा रहे कार्य में भ्रष्टाचार की खुशबु आ रही है। इधर पीडब्ल्यूडी एईएन सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अभी मैं तीन दिन की छुट्टी पर हूं। आकर देख लूंगा जहां भी अगर ठेकेदार द्वारा गलत कार्य किया गया है तो उसे तुड़वाकर पुन:सही करवा देंगे।

सार-समाचार

'अग्निपथ' योजना के विरोध में प्रदर्शन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अग्निपथ योजना के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर एवं श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया व प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति के नाम लिखा ज्ञापन उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ को दिया। ज्ञापन में अग्निपथ योजना का पुरजोर विरोध जताते हुए लिखा गया है कि इस योजना से युवकों का भला नहीं होने वाला है इसके विपरीत 55 हजार नए सैनिकों की भर्ती को भी रोक दिया जाना युवकों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह किया गया है कि वे इस अग्निपथ योजना को समाप्त करते हुए पूर्ववत सीधी सेना भर्ती करवाई जाए। ज्ञापन पर अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा, श्रीमाधोपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट रक्षपालदास स्वामी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर में नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर सैनी, पार्षद मदन चौहान, रामनाथ सैनी, मनोहर सिंह शेखावत, व अन्य सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं। धरने पर बैठने वालों में पृथ्वीपुरा सरपंच केशर सिंह शेखावत, जोरावरनगर से नरेंद्र सिंह शेखावत, सुभाष शर्मा हांसपुर, सुंदर लाल भावरिया, महेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मीकांत हरितवाल, जितेंद्र पंजाबी ,रामू सिंह मऊ, प्रधान प्रतिनिधि घासीराम यादव, विक्की बिंवाल, उमरदीन कुरेशी, सुखवीर सिंह बौद्ध, सुरेश पटवारी, वेद प्रकाश बारोलिया, गणपत राम चांदोलिया, अर्जुन ओसवाल, मामराज गुर्जर सरपंच सांवलपुरा तंवरान सहीत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने अग्निपथ योजना को युवा विरोधी बताया

सांभरझील, (निसं)। यहां उपखण्ड मुख्यालय पर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की ओर से जारी की गयी अग्निपथ योजना का पुरजोर तरीके से विरोध कर प्रदर्शन किया। एसडीएम दफ्तर के बाहर भी कार्यकर्ताओं ने सभा का आयोजन किया तथा अग्निपथ योजना को देश के युवाओं के विरोध में बताते हुये इसे वापस लिये जाने की पुरजोर तरीके से अपनी बात रखी। सांभर के प्रमुख रास्तों से कार्यकर्ताओं ने अग्निपथ के विरोध में हाथों में तख्तियां लेकर केन्द्र सरकार की इस योजना के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके बाद सभा का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त भी किये। इस मौके पर पीसीसी पर्यवेक्षक पवन यादव, वरिष्ठ नेता बजरंगलाल ककरालिया, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश परिहार, प्रधान सहदेव गुर्जर, नगर अध्यक्ष फुलेरा जितेन्द्र अग्रवाल, सांभर नगर अध्यक्ष सीपी व्यास, चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी, महामंत्री राकेश कश्यप, सेवादल पदाधिकारी, महिला कांग्रेस संगठन, पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, पार्षद सलीम मोहम्मद, पार्षद पति भंवरलाल बासीवाल, पार्षद हिमांशु व्यास सहित अनेक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

'अग्निपथ' योजना को मोदी जी देशहित में वापस लें: लक्ष्मण मीणा

बस्सी, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र बस्सी के उपखंड कार्यालय परिसर में सोमवार सुबह 10 से 1 बजे के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा के सानिध्य में सत्याग्रह किया गया। विधायक लक्ष्मण मीणा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पहले किसानों के हितों को ताक पर रखते हुए काले कृषि कानून लाए गए लेकिन जनता ने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर उन्हें नकार दिया और अब एक बार फिर बिना सोचे-समझे सेना को कमजोर करने के लिए व युवाओं का भविष्य खराब करने के लिए अग्निपथ योजना लाई जिसका सभी राज्यों में विरोध हो रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से भी बस्सी में अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह करके मोदी जी को कहना चाहते हैं कि वे युवाओं एवं सेना के हित में अग्निपथ योजना को वापस लें अन्यथा जनता कभी माफ नहीं करेगी। सत्याग्रह के दौरान विधायक लक्ष्मण मीणा, बस्सी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान गणेश नारायण शर्मा, तूंगा प्रधान कृष्णअवतार मीणा, उपप्रधान राजेन्द्र सैनी, नवीन सिंह राठौड, गणेश भगत, महेश शर्मा, पप्पू शर्मा, जिला पार्षद संगीता शर्मा, राजेन्द्र शर्मा कालवाणिया, शंकर शर्मा दयारामपुरा, समेत कई सैकडों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फॉलोअप कैम्प में नहीं पहुंचे अधिकारी, फरियादी निराश लौटे

मालपुरा, (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत घोषित फॉलोअप कैम्प कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को पंचायत समिति के राजीव गांधी सभागार में आयोजित फॉलोअप कैम्प में दोपहर तक भी अधिकारियों के नहीं पहुंचने के चलते फरियादी निराश होकर लौटे तो कैम्प महज कागजी खानापूर्ति रहा। सोमवार को राजीव गांधी सभागार में राजपुरा, बृजलाल नगर व डुंगरीकलां, ग्राम पंचायत का संयुक्त फॉलोअप कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प की सूचना पर पानी, बिजली व चिकित्सा सहित अन्य विभागों के अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि कार्मिक कैम्प स्थल पर पहुंचे। लेकिन दोपहर 1 बजे तक भी तहसीलदार सहित अन्य कोई जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी कैम्प स्थल पर नहीं पहुंचने के चलते दोपहर बाद फॉलोअप शिविर की ईतीश्री कर ली गई।

उपकाराग्रह का निरीक्षण किया

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की नरैना सड़क स्थित उपकाराग्रह पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनामिका सारण ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उपकाराग्रह प्रभारी रामेश्वर चौधरी ने बताया कि इस दौरान उपकाराग्रह की विभिन्न व्यवस्थाओं जायजा लिया। जिसमें सफाई व्यवस्था, वी.सी. रूम, सीसी टीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। जहां पर सभी व्यवस्थाएं सन्तुष्टिप्रद पायी गई। वहीं उपकाराग्रह के अन्दर बन्दीयों से भी मुलाकात कर भोजन एवं आवास आदि व्यवस्थाओं के बिन्दुओं को लेकर चर्चा एवं बातचीत की गई वह भी सन्तुष्टिप्रद पायी गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रहरी दारासिंह, प्रहरी प्रहलाद सिंह, देवनारायण, हिमांशु चौधरी एवं सुशीला कागट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दलित परिवार के बिजली कनेक्शन के लिए पुलिस जाब्ता मुहैया करवाने की मांग

अलवर, (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ. रमेश बैरवा के नेतृत्व में आज पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन देकर विद्युत कनेक्शन नहीं होने देकर दलित परिवार को प्रताड़ित किए जाने के लिए दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने एवं विद्युत कनेक्शन के लिए पुलिस जाब्ता मुहैया करवाने की मांग की है। ताकि बाबूलाल बलाई के ट्यूबवेल पर बिजली कनेक्शन हो सके। इस अवसर पर पीड़ित बाबूलाल के बेटे दिनेश कुमार बलाई, एडवोकेट रवि सेरावल,पूनम वर्मा,एडवोकेट शब्बीर खान उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण में संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।

- दलित शोषण मुक्ति मंच ने पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में उल्लेख है कि राजगढ़ उपखंड की टहला तहसील के गांव मल्लाना निवासी बाबूलाल बलाई एक गरीब अनुसूचित जाति का नागरिक है। बाबूलाल बलाई ने अपने खेत पर ट्यूबेल करवाया है,जिस पर बिजली कृषि कनैक्शन 3 फेस लेने के लिए कार्यालय विद्युत विभाग टहला में फाईल तैयार करवाकर डिमांड नोटिस की राशि जमा करवा दी है। उक्त ट्यूबेल पर बिजली कनेक्शन करने के लिए बिजली विभाग ने दो लाईनमेन दिनांक 11.04.2022 को मल्लाना भेजे थे,जिन्हें अपराधी किस्म के एक व्यक्ति समर्थलाल मीना ने बिजली लाइन पर कनेक्शन नहीं करने दिया और लाईनमैन को डरा धमका कर भगा दिया। जबकि समर्थलाल मीणा का उक्त बिजली कनेक्शन लाईन से कोई तालुकात नहीं है,ना ही उसे कोई नुकसान है।

पायलट ने वुडबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया

चाकसू, (निसं)। सोमवार को टोंक रोड बाईपास स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया एसोसिएशन के तत्वावधान राष्ट्रीय स्तर वुडबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं विशिष्ट अतिथि विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने खिलाड़ियों को संबोधित कर कहा कि खेलों को अनुशासन और खेल की भावना से खेलना आवश्यक है इसी पर शारीरिक मानसिक विकास निर्भर है। खेलों के प्रति बच्चों की रूचि बढ़े इस ओर राज्य सरकार नए-नए आयाम स्थापित कर रही। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने टीमों के साथ आए सभी कोच का सम्मान किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। वुडबॉल फेडरेशन आफ इंडिया के सचिव प्रवीण मनवटनर एवं जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के आयोजक सचिव मयंक माथुर ने बताया कि प्रतियोगिता में देश की जानी-मानी 26 यूनिवर्सिटीज के 500 प्रतियोगी भाग लेंगे।

'अग्निपथ' देश के युवाओं के साथ छलावा: बैरवा

निवाई, (निसं)। सोमवार को गांधी पार्क में अग्नि पथ योजना के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन आयोजित हुआ। सुबह 10 बजे दोपहर 1 बजे तक आयोजित सत्याग्रह आंदोलन में विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं की आवाज केन्द्र सरकार तक पहुंचाने तथा अग्निपथ योजना को वापस लेने के उद्देश्य से सत्याग्रह कर पूरे देश में विरोध जता रही है।

अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली है। इसे योजना से देश के सैनिकों का मनोबल टूट जाएगा। केन्द्र सरकार बिना सोचे समझे देश में अल्पकालिक योजनाएं लाकर अपनी कमी को छिपाने में लगी है। सत्याग्रह आंदोलन के दौरान शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, जिला सचिव प्रदीप पारीक, पार्षद पारस पहाडी, दीपेंद्रसिंह खंगारोत, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, सीताराम शर्मा अलियाबाद,

निवाई में अग्निपथ योजना के विरोध में आयोतिज धरने का विधायक प्रशांत बैरवा ने संबोधित किया।

सीताराम कटारा, पूर्व सरपंच श्रीराम चौधरी, पवन सांवलिया, तुलसीराम चौधरी, पुखराज गुर्जर, एडवोकेट सतीश शर्मा, पृथ्वीराज मीणा सहित कई नेताओं ने धरने को संबोधित किया। इस अवसर पर एडवोकेट राकेश शर्मा, मुकेश मीणा, त्रिलोक तिवाडी,तनवीर कुरेशी, विनोद जायसवाल, प्रवीण माणु, शिवराज जाट, आरिफ कुरेशी, राजेश भटट, उदयवीरसिंह,भवानीसिंह राजावत, अनिल टेलर निवाई और पीपलू ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्षद, सीआर, डी आर, पंच-सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रागपुरा थाना पुलिस में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के तहत पोसो एक्ट में दर्ज मामले में योगेश उर्फ कालू यादव व निशा यादव वक्त घटना से फरार चल रहे थे।

जिस पर अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में आरोपी व दुष्कर्म में एक सहायक महिला को गिरफ्तार करने में प्रागपुरा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष

- सहयोग करने वाली महिला अभियुक्त भी गिरफ्तार

अग्रवाल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्या प्रकाश व वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली संध्या यादव के दिशा निर्देशन में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। प्रागपुरा थाना में 15 जून 2022 को नाबालिग बालिका के अपहरण के संबंध में मामला दर्ज हुआ था। आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास मामले में गठित टीम द्वारा दिन रात अथक प्रयास करते हुए मुखबिर मामूर कर आसूचना एकत्रित कर आरोपी के रिस्तेदारों के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकालकर व सोशियल एकाउंट पर अपलोडेड फोटोज की मदद से अभियुक्त के आस पास के स्थानों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अभियुक्त योगेश उर्फ कालू यादव पुत्र राजेंद्र जाति यादव निवासी रमना की ढाणी जिणगौर व निशा यादव पत्नी कुलदीप उम्र 19 साल जाति यादव निवासी रमना की ढाणी जिणगौर को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की।

निशुल्क लाइब्रेरी स्थापित की

देवली, (निसं) सोमवार को पालिका ने शिक्षा को बढ़ावा देने के क्रम में निशुल्क लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध करवाई है।

स्थानीय विधायक हरीश चन्द्र मीना, जिला कलेक्टर टोंक चिन्मयी गोपाल के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा शिक्षा को बढावा देने के लिए अपना पहला कदम बढाते हुए स्थानीय राजकीय महाविद्यालय के सामने स्थित आश्रय स्थल के भवन में निशुल्क लाईब्रेरी सुविधा स्थापित की है। अधिशासी अधिकारी मीणा ने बताया कि उक्त लाईब्रेरी का क्षेत्रीय विधायक हरीश चन्द्र मीना एवं पालिका अध्यक्ष नेमीचन्द जैन ने फीता काट कर लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया।

केन्द्र सरकार देश को आन्दोलन की आग में झोकने का प्रयास कर रही है: टीकाराम

अलवर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि केन्द्र सरकार जय जवान जय किसान के मूल्यों का अपमान कर रही है। पहले किसानों के सपनों को चकनाचूर करने का प्रयास किया गया, अब देश के युवाओं को आग में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री जूली सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेडा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कमेटी के आव्हान पर अग्निपथ के विरोध में आयोजित सत्याग्रह में आयोजित हजारों की संख्या पहुंचे कार्यकर्ताओं व युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार देश को आन्दोलन की आग में झोकने का प्रयास कर रही है। पहले तीन कृषि कानून और अब देश के भविष्य युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड करते हुए अग्निपथ योजना शुरू कर सरकार की मंशा संदेह के घेरे में आ गई है। जिस कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता ने देश के विकास के लिए अपने खून पसीने से सींचकर आवाम के लिए संसाधन खडे किए है यह सरकार उनका निजीकरण कर प्रत्येक वर्ग को कमजोर कर रही है।

सेना से रिटायर्ड कर्नल सुनील दत्त ने उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार अग्निपथ के माध्यम से देश का भविष्य बर्बाद करने जा रही है। अग्निपथ देश की सीमाओं को महफूज रखने वाले सैनिकों का अपमान है। चार साल सेना में नौकरी कर देश का युवा कॉरपोरेट सैक्टर में जाकर अपने अंधकारमय भविष्य की इबारत लिखेगा।

सत्याग्रह कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रभारी जसवंत गुर्जर, सत्याग्रह जिला प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया, उपजिला प्रमुख ललिता मीना, प्रधान दौलत राम जाटव, वीरवती देवी, उपप्रधान हट्या खान, महेश सैनी, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, सम्मा खान, लालाराम सैनी, हिम्मत चौधरी ने भी सम्बोधित किया।

'अग्निपथ से युवाओं में आक्रोश, वापस नहीं ली तो अराजकता फैलने की आशंका'

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति के सामने स्वास्थ्य व आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार द्वारा सेना भर्ती में लागू की गई स्कीम अग्निपथ का विरोध करते हुए इस वापस लेने के संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

पंचायत समिति के सामने चिकित्सा मंत्री के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन को मंत्री मीणा द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की अग्निपथ योजना से समस्त भारत देश के युवा वर्ग में आक्रोश है एवं इस योजना को वापस नहीं लिए जाने से देश में अराजकता फैलने की भी संभावना है। धरने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मंत्री मीणा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आजादी के बाद से ही सेना में भर्ती प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कर की जाती

लालसोट उपखंड मुख्यालय पर अग्निवीर योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसजनों को स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधित किया।

रही है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा विगत् तीन वर्षों से सेना भर्ती नहीं की जा रही है। भारत सरकार ने सेना भर्ती हेतु अग्निपथ योजना लागू की है। जिसके तहत 17 वर्ष का युवा सेना भर्ती हेतु पात्र होगा एवं 4 वर्ष पश्चात् 21 वर्ष की आयु में सेना से रिटायर हो जाएगा। रिटायरमेंट के पश्चात् उस पूर्व सैनिक को कोई भी नौकरी मिलने की संभावना नहीं रहेगी।

इस प्रकार देश की सर्वोच्च सेवा में रहने वाला सैनिक दर दर भटकने को मजबूर होगा। भारत सरकार की उक्त योजना को अविलम्ब वापिस लिया जाना देश हित में अति आवश्यक है। इस दौरान पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राडा, प्रवक्ता सुदीप मिश्र, दयाराम स्वामी, राजेंद्र पाखला, राजकुमार गुप्ता झापदा, पूर्व प्रधान किशन लाल मीणा, पूर्व सरपंच दीपक पटेल, सरपंच हेमराज मीणा, विष्णु बीछा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

श्रीमाधोपुर। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता के अनुसार 132 केवी जीएसएस जलपाली, श्रीमाधोपुर व थोई तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तींजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हांसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवारी की ढाणी, नीमडावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आसपास के गांवों व ढाणियों में मंगलवार को प्रात: 6 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

कृषि विपणन राजस्थान

कार्यालय
कृषि उपज मंडी समिति "विशिष्ट श्रेणी" खैरथल
Email: kums.khairth@rajasthan.gov.in
Tel.No. 01460-222112

क्रमांक-752-768 दिनांक- 20.6.2022

संशोधित विज्ञप्ति

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 495-510 दिनांक 30.05.2022 के द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण, खैरथल में 57 व गौण मण्डी यार्ड तिजारा (अनाज) में 33 एवं गौण मण्डी यार्ड तिजारा (फल-सब्जी ब्लॉक) में 38 चिन्हित एवं रिक्त भूखण्डों के आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति में दिनांक 27.06.2022 को सायं 4.00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं दिनांक 30.06.2022 को सायं 6.00 बजे तक जमा कराने के स्थान पर दिनांक 15.07.2022 तक आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं दिनांक 19.07.2022 को सायं 6.00 बजे तक जमा कराने का समय निर्धारित किया जाता है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
"विशिष्ट श्रेणी" खैरथल

प्रशासक
कृषि उपज मण्डी समिति
"विशिष्ट श्रेणी" खैरथल